शिक्षा विद्यापीठ में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

11 नवम्बर 2016 दिन शुक्रवार को शिक्षा विद्यापीठ में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के उपलक्ष्य में अधिष्ठाता **प्रो.अरविन्द कुमार झा** के मार्गदर्शन व **श्री सुनील कुमार विश्वकर्मा** एवं **डॉ. अप्रमेय मिश्र** सहायक प्रोफेसर शिक्षा विभाग के संयोजन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया,जिसमें पूर्वाह्न में भाषण प्रतियोगिता और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता तथा अपराह्न में निबंध प्रतियोगिता व इसके अंतर्गत **"राष्ट्र और शिक्षा विषय"** पर परिचर्चा व नाटक प्रस्तुति इत्यादि प्रमुख रहे |

परिचर्चा में विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो.आनंद वर्धन शर्मा, जनसंचार विभाग के प्रो.अरुण कुमार त्रिपाठी, कुलसचिव डॉ. राजेंद्र प्रसाद मिश्र, शिक्षा विभाग के अधिष्ठाता प्रो.अरविन्द कुमार झा, मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्रो. डॉ. अरुण प्रताप सिंह व शिक्षा विभाग के डॉ.अप्रमेय मिश्र उपस्थित रहे | सभी वक्ताओं ने "राष्ट्र और शिक्षा" विषय पर अपने-अपने विचार रखे तथा उपस्थित

शिक्षार्थियों के जिज्ञासाओं को भी शांत किया | अतिथियों का स्वागत अधिष्ठाता प्रो. अरविन्द कुमार झा ने किया, कार्यक्रम का समन्वयन व सञ्चालन डॉ. शिवा शुक्ला व सह समन्वयन श्री सुनील कुमार विश्वकर्मा सहायक प्रो. शिक्षा विभाग ने किया व धन्यबाद ज्ञापन डॉ. भरत कुमार पंडा ने दिया

दिवस

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस
परिचर्चा

परिचर्चा के उपरांत शिक्षार्थियों के द्वारा नाटक का मंचन

अपराह्न 2.30 से 3.30 बजे तक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके समन्वयक श्री समरजीत यादव व सह समन्वयक सुश्री शिल्पी कुमारी सहायक प्रो. शिक्षा विभाग थे | इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के सभी विभागों से कुल 60 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमे प्रथम पुरस्कार अमन आकाश,जनसंचार विभाग, द्वितीय पुरस्कार अनूप मिश्र ,शिक्षा विभाग,तृतीय पुरस्कार कार्तिक रॉय, शिक्षा विभाग व सांत्वना पुरस्कार कुमार शौरभ, शिक्षा विभाग को दिया गया | निर्णायक मंडल में डॉ. रामानुज अस्थाना साहित्य विद्यापीठ, डॉ. संदीप कुमार भाषा विद्यापीठ व डॉ. वागीश शुक्ल साहित्य विद्यापीठ थे |

पूर्वाह्न 10.30 से 12.00 बजे तक "**शिक्षा के बदलते प्रतिमान**" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके समन्वयक सुश्री सारिका राय शर्मा, सह समन्वयक डॉ. भरत कुमार पंडा व डॉ. रामानंद यादव थे | इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के सभी विभागों से कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया | इसमें प्रथम पुरस्कार गौरव चौहान,द्वितीय पुरस्कार कुमार सौरव तृतीय पुरस्कार रजनीश कुमार त्रिपाठी व सांत्वना पुरस्कार संयुक्त रूप से नवी रजा खान और पंकज कुमार को दिया गया | प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अमित कुमार त्रिपाठी, मनोविज्ञान विभाग,श्री. लेखराम दन्नाना संस्कृत विभाग थे |

पूर्वाह्न 12.45 से 1.30 बजे तक **“शिक्षा कल, आज और कल”** विषय पर सुश्री सुहासिनी बाजपेयी व सुश्री आर. पुष्पा नामदेव की देख-रेख में पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया | जिसमे प्रथम पुरस्कार श्री गुलशन कुमार, द्वितीय पुरस्कार सुश्री गजाला परवीन, तृतीय पुरस्कार श्री विनय कुमार यादव व सांत्वना पुरस्कार सुश्री निवेदिता नायक को प्राप्त हुआ |